ओम् शान्ति 15-12-15 मधुबन

ग्राम विकास की सेवाओं में सलंग्न सदस्यों प्रति विशेष खुशखबरी

परमप्यारे अव्यक्तमूर्त मात-पिता बापदादा के अति लाडले, सदा बेहद सेवाओं में उपस्थित निमित्त टीचर्स बहिनें तथा ग्राम विकास प्रभाग के सक्रिय सदस्यों प्रति,

ईश्वरीय मधुर याद मधुबन बेहद घर से स्वीकार करना जी।

बाद समाचार - शान्तिवन के विशाल परिसर में 11 से 15 दिसम्बर 2015 तक ''किसान सशक्तिकरण दिव्य महोत्सव'' बहुत उमंग-उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ। पूरे भारतवर्ष और नेपाल से करीब 4 हजार ग्राम विकास प्रभाग से सलंग्न अधिकारीगण, किसान भाई बहिनों के साथ अनेक टीचर्स बहिनें एवं बी.के. भाई बहिनों ने भाग लिया। इस वर्ष पूरे भारतवर्ष में किसान सशक्तिकरण अभियान द्वारा बहुत अच्छी सेवायें हुई हैं। अभियान निकालने वाले सेवाकेन्द्रों को मेमन्टो तथा अभियान यात्रियों को सम्मान पत्र देकर सभी का सत्कार किया गया। कुछेक भाई बहिनों ने इस अभियान के अन्तर्गत हुई सेवाओं के समाचार के साथ अनुभव भी सुनाये।

इन सफलताओं को देखते हुए सभी की राय है कि आगामी सेवा योजना बनाने के लिए मधुबन में होने वाली वार्षिक मीटिंग के पहले ही यह मीटिंग करके 2016-2017 के लिए सेवाओं की प्लैनिंग की जाए।

अत: पंजाब ज़ोन के भाई बहिनों ने, विशेष देहरादून की प्रेम बहन तथा जींद के विजय भाई, विजय बहन ने बहुत स्नेह से ग्राम विकास प्रभाग के सभी सक्रिय सदस्यों को ऋषिकेष-हरिद्वार में मीटिंग करने हेतु आमन्त्रित किया है। पत्र पाते ही प्रभाग की सेवाओं में रूचि रखने वाली टीचर्स बहिनें एवं ग्राम विकास प्रभाग के सदस्य अपने आने-जाने की रिवर्जेशन करवा लें।

मीटिंग का कार्यक्रम इस प्रकार रहेगा

17 मार्च, 2016, सतगुरूवार दोपहर तक ऋषिकेश पहुंचना

18-19 मार्च - मीटिंग/ट्रेनिंग

20 मार्च - रविवार - ऋषिकेष और हरिद्वार के दर्शनीय स्थलों का अवलोकन

20 मार्च रात तक प्रस्थान

मीटिंग का स्थान: जयराम आश्रम, त्रिवेणीघाट, ऋषिकेष

अपने पहुंचने की सूचना – जींद में विजय भाई को शीघ्र से शीघ्र देने का कष्ट करना जी। आपके पहुंचने की सूचना मिलने पर ही कमरों की बुकिंग हो सकेगी।

विजय भाई का फोन नं. - 09416332666 ईमेल नं. jind@bkivv.org

अधिक जानकारी के लिए – देहरादून के सुशील भाई का फोन नं. 09837015010

ईश्वरीय सेवा में,
बी.के. सरला बहन
बी.के. राजू भाई

नोट:- आप अपने पहुंचने की सूचना मेहसाना में सरला बहन को भी अवश्य देना जी।

ईमेल नं mehsana@bkivv.org ruralwing@bkivv.org